तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	गौरी शंकर **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353718756679331	
04 / 05 / 26	अपीलार्थी गौरी शंकर निवासी रामसागर बैरा कुम भदवासिया रोड़, मगरा पुंजला, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 07.03.2026 अवाप्त भूमि के मुआवजा वितरण राशि विवरण, रोड़ तरमीम सुदा नक्शा एवं रोड़ की चौड़ाई कहां से कहां तक एवं कितनी जमीन अवाप्त एवं कितने खसरे से की गई भदवासिया से रामसागर चौराहा तक राजस्व ग्राम पुंजला तहसील व जिला जोधपुर से संबंधित दस्तावेज के संबंध में व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी रिपोर्ट 554 दिनांक 22.04.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना उपखण्ड अधिकारी (उत्तर) जोधपुर से संबंधित होने के कारण पत्र दिनांक 18.03.2026 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर प्रार्थी को पृष्ठांकित कर सूचित कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 12:08:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21967702

M e-Sign